रहे संग तेरा नाम प्रभु हर पल मेरे जीवन

रहे संग तेरा नाम प्रभु हर पल मेरे जीवन में,
नही पल कोई ऐसा हो जिस पल तू न हो मन में,

ना दान मैं हु निर्गुण बस गुण यही पाया है,
तेरे नाम के मोती से,जग अपना सजाया है,
यु ही तेरे नाम रत्न बरसे मेरे आंगन में,
रहे संग तेरा नाम प्रभु हर पल मेरे जीवन में,

जब बंद करू आँखे मन मेरा चेह्क ता है,
एहसास तेरा भगवान सांसो में मेहकता है,
खुशबु ये बनी रहे मेरे मन मधुवन में,
रहे संग तेरा नाम प्रभु हर पल मेरे जीवन में,

अपनों के छल से जब अंतर ये झुलस जाता,
तेरे नाम के चिंतन से मन शीतल हो जाता,
अंकुश ये शीतलता रहे अब अंतर मन में
रहे संग तेरा नाम प्रभु हर पल मेरे जीवन में,

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/17273/title/rahe-sang-tera-naam-prabhu-har-pal-mere-jeewan-me

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |